कर्मचारी राज्य वीमा निगम
(श्रम अने रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
कर्मचारी राज्य बीमा निगम
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
क.रा.बी.नि.
E.S.I.C.
सत्यमेव जयते
કર્મચારી રાજ્ય વીમા નિગમ હોસ્પિટલ,
પ્લોટ નં એચ-3012, જી.આઈ.ડી.સી, 500 ક્વાર્ટર નજીક,
અંકલેશ્વર, જિલ્લો-ભરૂચ (ગુજરાત).
क.रा.बी. निगम अस्पताल, प्लॉट सं. एच- 3012, 500 क्वाटर्स के पास, अंकलेश्वर, जिला- भरूच (गुजरात)
ESIC Hospital, Plot No. H-3012, Near 500 Quarters, GIDC, Ankleshwar, Dist. Bharuch (Gujarat)
Email:ms-ankleshwar.gj@esic.gov.in
Website: www.esic.gov.in/

फाइल संख्या : 375/अ/49/2019/क.रा.बी.नि./अंक/फ़ाइल-2 दिनांक : 14.09.2023

# -: परिपत्र: -

**विषय: राजभाषा हिन्दी पखवाड़ा -2023 के अंतर्गत विभिन्न आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिता के संबंध में सामान्य नियमावली एवं दिशा निर्देश बाबत।**

**संदर्भ:** क.रा.बी. निगम अस्पताल, अंकलेश्वर द्वारा जारी परिपत्र संख्या: 375/अ/49/2019/क.रा.बी.नि./अंक/फ़ाइल-2 दिनांक : 13.09.2023 की अनुपालना में।

आप सभी को सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही हैं कि प्रत्येक वर्ष की तरह वर्ष 2023 में राजभाषा हिन्दी पखवाड़ा-2023 दिनांक 14.09.2023 से दिनांक 29.09.2023 तक एवं **राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह दिनांक 29 सितंबर 2023 को क.रा.बी. निगम अस्पताल, अंकलेश्वर में किया जायेंगा।**
हिन्दी पखवाड़ा के दौरान आयोजित होने वाली समस्त प्रतियोगिताओं के संबंध में संबंधित दिशा-निर्देश निम्न अनुसार होंगे-

1. प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक प्रतिभागी अपना नाम राजभाषा शाखा में दिनांक 18.09.2023 (सोमवार) समय दोपहर 03:00 बजे तक दर्ज /अवगत करवा दे। इसके बाद प्राप्त आवेदन पर किसी भी तरह से कोई विचार नहीं किया जायेगा।
2. मूल्यांकन दौरान अन्य बातों के साथ साथ भाषा की शुद्धता, विषयवस्तु, लेखन-शैली , लिखावट इत्यादि पर भी विशेष ध्यान दिया जायेगा।
3. इन प्रतियोगिताओं के संबंध में मूल्यांकनकर्ता/निर्णायक का निर्णय मान्य होंगा एवं परिणाम की घोषणा के उपरान्त किसी भी तरह के पुनर्मूल्यांकन आवेदन, शिकायत एवं चुनौती इत्यादि पर विचार नहीं किया जायेगा।
4. विजेता प्रतिभागियों को राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह दिनांक 29 सितंबर 2023 को समुचित पुरुस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।
5. इस परिपत्र को कृपया सभी के ध्यान मे लाया जाए एवं सभी शाखा अधिकारियों/ शाखा प्रभारियों से अनुरोध हैं कि वे अपने अधीनस्थ सभी इच्छुक प्रतिभागी /कर्मचारियों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए यथा समय प्रतियोगिता स्थल : हिन्दी पुस्तकालय/ वित्त शाखा (द्वितीय तल) , क रा बी नि अस्पताल, अंकलेश्वर में उपस्थिति दर्ज करवाएं।

6. प्रतियोगिता के दौरान आपको दी जाने वाली परीक्षा कॉपी /पेपर में आपको जारी रोल नंबर संख्या ही अंकित करनी हैं । परीक्षा कॉपी /पेपर में अपना नाम, पदनाम एवं कर्मचारी आईडी संख्या का उल्लेख ना करें अन्यथा पेनल्टी के रूप में कुल प्राप्त अंकों मे से 05 अंकों की कटौती की जाएगी ।

7. राजभाषा हिन्दी पखवाड़ा-2023 के दौरान सभी अधिकारी/कर्मचारियों से अनुरोध हैं कि ज्यादा से ज्यादा काम हिन्दी में किया जाए एवं हिन्दी के प्रति सभी को प्रोत्साहित / जागरूक भी किए जाने के प्रयास अपने स्तर से किया जाए।

8. राजभाषा पखवाड़ा -2023 के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं के संबंध में चिकित्सा अधीक्षक महोदय द्वारा अनुमोदित पेपर सेट एवं निर्णायक समिति सदस्यों द्वारा प्रतियोगिताओं के लिए प्रश्नों/विषयवस्तुओं को निर्धारित किया गया है जिनका विवरण निम्न अनुसार हैं-

| क्र.सं. | प्रतियोगिता का नाम | तारीख | समय अवधि | विषय वस्तु एवं प्रश्न पत्र विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | हिंदी निबंध प्रतियोगिता<br><br>(अधिकतम सीमा 500 शब्द) | 20.09.2023 | 60 मिनट | • भारत का G-20 सम्मेलन में प्रदर्शन एवं चुनौतियाँ ।<br>• भारत का खेलों में प्रदर्शन एवं चुनौतियाँ।<br>• वर्तमान दौर में मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में चुनौतियाँ, उपचार एवं बचाव ।<br>• असंगठित क्षेत्र में भारतीय कामदारों के लिए सामाजिक सुरक्षा, चुनौती एवं समाधान।<br>• अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत का भविष्य एवं चुनौतियाँ।<br>(प्रथम पुरस्कार राशि 1800/- रु , द्वितीय पुरस्कार राशि 1500/- रु , तृतीय पुरस्कार राशि 1200/- रु एवं सांत्वना पुरस्कार राशि 500/- रु ) |
| 2 | राजभाषा ज्ञान (संक्षिप्त लिखित/मौखिक प्रश्नोत्तर) प्रतियोगिता | 21.09.2023 | उसी समय निर्धारित | कुल प्रश्न संख्या 10 होंगी एवं प्रति प्रश्न हेतु पुरस्कार राशि 100/- रु होंगी। |
| 3 | हिंदी टिप्पण-आलेखन प्रतियोगिता | 22.09.2023 | 60 मिनट | हिन्दी टिप्पण-आलेखन में कुल 04 प्रश्न होंगे जो समान अंकों के होंगे इसमें परिपत्र, अनौचारिक टिप्पणी, ज्ञापन, पत्र, आवेदन पत्र, पत्रावली पर टिप्पण एवं अर्ध सरकारी पत्र इत्यादि से संबंधित।<br><br>(प्रथम पुरस्कार राशि 1800/- रु , द्वितीय पुरस्कार राशि 1500/- रु , तृतीय पुरस्कार राशि 1200/- रु एवं सांत्वना पुरस्कार राशि 500/- रु ) |
| 4 | हिंदी वाक प्रतियोगिता | 25.09.2023 | 07 मिनट | • क रा बी नि का सामाजिक सुरक्षा में योगदान।<br>• राजभाषा अधिनियमों पर चर्चा।<br>• अच्छी नीयत, अच्छी बरकत।<br>• समय पाय तरुवर फले, कतवो सीचे नीर।<br>• ओखली में सर दिया, तो मूसलो से क्या डरना<br><br>(प्रथम पुरस्कार राशि 1800/- रु , द्वितीय पुरस्कार राशि 1500/- रु , तृतीय पुरस्कार राशि 1200/- रु एवं सांत्वना पुरस्कार राशि 500/- रु ) |

**प्रतियोगिता स्थल :** हिन्दी पुस्तकालय एवं वित्त शाखा (द्वितीय तल) , क रा बी नि अस्पताल, अंकलेश्वर
**प्रतियोगिता समय :** अपराह्न 03:30 बजे से 4:30 बजे तक

हिन्दी पखवाड़ा के दौरान आयोजित होने वाली समस्त प्रतियोगिताओं के लिए समय समय पर जारी नियम एवं शर्तें मुख्यालय द्वारा प्रदान किए गए निर्देश अनुसार लागू होंगी एवं इस हेतु आप क रा बी निगम अस्पताल, अंकलेश्वर की कार्यालयी वैबसाइट https://ankaleshwarhospital.esic.gov.in/ पर जाकर भी देख सकते हैं।

यह परिपत्र सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया गया हैं।

**राजभाषा शाखा अधिकारी**
**क रा बी निगम अस्पताल, अंकलेश्वर**

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-**

1. चिकित्सा अधीक्षक/उप चिकित्सा अधीक्षक
2. सभी सहायक निदेशक/शाखा अधिकारी /नोडल अधिकारी/एएनस – समस्त शाखाएँ।
3. समस्त अधिकारी/ कर्मचारीगण को सूचनार्थ ।
4. कार्यालय प्रति।